वर्ष- 02 अंक- 120

छपरा

20 मार्च, गुरूवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com · E-Paper · website : www.dainikkhojkhabar.live

# 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौटीं सुनीता विलियम्स

**स्पेसक्राफ्ट का टेम्परेचर बढ़ने पर 7 मिनट संपर्क टूटा, फ्लोरिडा समुद्र तट पर लैंडिंग**

**फ्लोरिडा,एजेंसी।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। इनके साथ क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी हैं। उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार 19 मार्च को सुबह 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड हुआ। ये चारों एस्ट्रोनॉट मंगलवार (18 मार्च) को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) से रवाना हुए थे। स्पेसक्राफ्ट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा, यानी यान से संपर्क नहीं रहा।

**स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर लौटने में 17 घंटे लगे :** ड्रैगन कैप्सूल के अलग होने से लेकर समुद्र में लैंडिंग तक करीब 17 घंटे लगे। 18 मार्च को सुबह 08:35 बजे स्पेसक्राफ्ट का हैच हुआ, यानी दरवाजा बंद हुआ। 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट ISS से अलग हुआ।

19 मार्च को रात 2:41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू हुआ। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया गया। इससे स्पेसक्राफ्ट की पृथ्वी के वातावरण में एंट्री हुई और सुबह 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर



समुद्र में लैंडिंग।

**8 दिन के मिशन पर गए थे, लेकिन 9 महीने से ज्यादा समय लग गया :** सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर बोइंग और NASA के 8 दिन के जॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे। इस मिशन का उद्देश्य बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट की एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन तक ले जाकर वापस लाने की क्षमता को टेस्ट करना था।

एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन पर 8 दिन में रिसर्च और कई एक्सपेरिमेंट भी करने थे। लेकिन थ्रस्टर में आई गड़बड़ी के बाद उनका 8 दिन का मिशन 9 महीने से ज्यादा समय का हो गया था।

## धरती ने तुम्हें मिस किया, सुनीता विलियम्स की वापसी पर पीएम मोदी ने दी बधाई, बताया लाखों लोगों के लिए प्रेरणा



**नई दिल्ली।** पूरे 9 महीने के बाद अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स, निक हेग, बुच विल्मोर और अलेक्जेंडर गोर्बुनोव धरती पर वापस लौट आए हैं. इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्षयात्रियों को धरती पर वापस लौटने की बधाई दी. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर सुनीता विलियम्स के साथ एक फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, क्रू-9 आपका स्वागत है, धरती ने आपको बहुत याद किया, अर्थ मिस यू...

पीएम मोदी ने इस कामयाबी पर क्रू को बधाई देते हुए कहा, इस मिशन में उनका धैर्य, साहस और ह्यूमन स्पिरिट का टेस्ट रहा है. सुनीता विलियम्स और क्रू9 अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का असल में क्या मतलब है. उनका अटूट दृढ़ संकल्प लाखों लोगों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा.

**पीएम मोदी ने दी बधाई :** पीएम ने आगे बताया कि अंतरिक्ष यात्रा क्या है. उन्होंने कहा, अंतरिक्ष में जाना इंसानों की लीमिट को आगे बढ़ाना, सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को हकीकत में बदलने का साहस रखने के नाम है. पीएम मोदी ने सुनीता विलियम्स की तारीफ करते हुए कहा, सुनीता एक ट्रेलब्लेजर और एक आइकन है. सुनीता विलियम्स ने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण सामने रखा है ।

## इसरो ने कहा-आपका स्वागत है सुनीता विलियम्स, अंतरिक्ष अन्वेषण में आपकी विशेषज्ञता अतुलनीय

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने नासा से संबद्ध भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की धरती पर सुरक्षित वापसी पर खुशी जताई है। इसरो ने आज सुबह एक्स पर लिखा,आपका स्वागत है, सुनीता विलियम्स! इसरो ने कहा कि एक विस्तारित मिशन के बाद आपकी सुरक्षित वापसी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह नासा, स्पेसएक्स और संयुक्त राज्य अमिरेका की अंतरिक्ष अन्वेषण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसरो ने लिखा, आपकी (सुनीता) दृढ़ता और समर्पण दुनिया भर के अंतरिक्ष उत्साही लोगों को प्रेरित करता रहेगा इसरो ने एक्स पोस्ट पर अपने अध्यक्ष का भी बयान जारी किया है। इसमें कहा गया कि डीओएस सचिव और इसरो अध्यक्ष के रूप में मैं अपने सहयोगियों की ओर से आपको हार्दिक बधाई देता हूं। पोस्ट में लिखा गया है, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक विकसित देश बनने की दिशा में काम कर रहा है। हम अंतरिक्ष अन्वेषण में आपकी विशेषज्ञता का उपयोग करना चाहते हैं। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर सुनीता विलियम्स की वापसी पर लिखा, यह गौरव, गर्व और राहत का क्षण है! पूरा विश्व भारत की इस शानदार बेटी की सुरक्षित वापसी का जश्न मनाने के लिए एक साथ आया है, जो अंतरिक्ष की अनिश्चितताओं को सहन करने के साहस, दृढ़ विश्वास और स्थिरता के लिए इतिहास में दर्ज हो गई है।

## थरूर बोले- जेलेंस्की-पुतिन को गले लगाते हैं मोदी

**दोनों भारत की सुनते हैं; पत्रकारों ने मायने पूछे तो कहा- बयान अपने आप में कंप्लीट**



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मोदी सरकार की तारीफ की है। थरूर ने कहा- भारत आज ऐसी स्थिति में है जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है। भारत के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जो वोलोदिमिर जेलेंस्की और व्लादिमीर पुतिन दोनों को गले लगा सकता है। हम दोनों जगहों (रूस और यूक्रेन) पर स्वीकार किए जाते हैं।

थरूर के इस बयान को लेकर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि, थरूर ने सच बोला है। उम्मीद है राहुल गांधी उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेंगे। उधर पत्रकारों ने जब थरूर से उनके बयान के बारे में पूछा, तो कांग्रेस सांसद ने कहा- मेरा कमेंट खुद ही सब कुछ कहता है। इसमें नया जोड़ने की जरूरत नहीं है।

## यौन शोषण के आरोपी सीतापुर सांसद जेल से रिहा

## 49 दिन बाद हाथ जोड़कर निकले; पत्नी से मिलते ही रो पड़े



**सीतापुर,एजेंसी।** महिला नेता से यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को 49 दिनों बाद रिहाई मिल गई। बुधवार सुबह 8 बजे सीतापुर जेल से सांसद हाथ जोड़ते हुए बाहर निकले। सीधे फॉर्च्यूनर में बैठे और आवास पहुंच गए। यहां पत्नी और घरवालों से मिले तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े।

सांसद ने कहा- मामले में एफआईआर से लेकर रिहाई तक पेंच ही पेंच हैं। दोषियों के चेहरे बेनकाब होंगे। सच्चाई जनता के सामने आएगी। मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। यह जीवन का पहला मौका है कि अपने लोगों से इतने दिनों तक दूर रहना पड़ा।

कांग्रेस सांसद 30 जनवरी से सीतापुर जेल में बंद थे। उन्हें 11 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी, लेकिन पुलिस वॉयस सैंपल की रिपोर्ट के बाद धाराएं बढ़ा दी थीं। इसके वजह से सांसद की रिहाई अटकी हुई थी।


## तकनीक सक्षम बना सकती है, लेकिन ये लोगों की जगह नहीं ले सकती, सीडीएस अनिल चौहान

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि तकनीक सक्षम बना सकती है, लेकिन ये लोगों की जगह नहीं ले सकती। सीडीएस ने कहा कि देश इस समय असममित खतरों का सामना कर रहा है और देश में उप-परंपरागत तरह का संघर्ष देखने को मिल रहा है। रायसीना डायलॉग में एक चर्चा के दौरान सीडीएस ने कहा कि पश्चिम के वैश्विक युद्ध या आतंकवाद जैसे टर्म से बहुत पहले ही भारत ने अपरंपरागत प्रकार का संघर्ष जैसी संज्ञा दे दी थी।

**नागपुर हिंसा :**

## मास्टरमाइंड फहीम शमीम के कहने पर भीड़ ने किया पुलिस पर हमला? नागपुर हिंसा में बड़ा खुलासा





**नागपुर,एजेंसी।** नागपुर के गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में दंगाइयों के खिलाफ दर्ज एफआईआर में घटना के मास्टरमाइंड का खुलासा हुआ है. एफआईआर के मुताबिक माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के शहर अध्यक्ष फहीम शमीम खान की अध्यक्षता में 50 से 60 लोगों ने अवैध रूप से पुलिस स्टेशन पर भीड़ इकट्ठा की । दरअसल, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के लोगों ने गांधी गेट के पास छत्रपति शिवाजी महाराज के पुतले के सामने औरंगज़ेब की कब्र के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और औरंगज़ेब का प्रतीकात्मक पुतले को फूंका. इसके खिलाफ फहीम शमीम की अध्यक्षता में लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई । इन लोगों के लिखित निवेदन पर औरंगजेब के विरोध करने वाले 9 लोगों के खिलाफ FIR number 114/25 धारा 223 भा. न्याय संहिता की धारा 37 (1), 37 (3) 135, तहत मामला दर्ज किया गया. इस दौरान भीड़ में मौजूद लोगों को शांति बनाए रखने की हिदायत भी दी गई ।बावजूद इसके इन लोगों ने शाम तकरीबन 4 बजे, छत्रपति शिवाजी पुतले के पास दंगा भड़काने के उद्देश्य से अपने धर्म के 400 से 500 लोगों को इकट्ठा किया. उन्हें बार बार स्पीकर से अनाउंसमेंट कर इसकी जानकारी कि उक्त भीड़ अवैध है और वे यहां एकत्र न हों तथा सुरक्षित रूप से अपने घरों को चले जाएं ।

इस भीड़ ने कुल्हाड़ी, पत्थर, लाठियां और अन्य खतरनाक हथियारों के साथ क्षेत्र में आतंक पैदा करने के इरादे से घातक हथियारों को हवा में लहराया. साथ ही लोगों में भय पैदा किया और धार्मिक दुश्मनी बढ़ाने के इरादे से सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने का काम किया ।

### भीड़ ने पुलिस पर किया हमला

भीड़ के सदस्यों ने जान से मारने की नियत से भालदारपुरा चौक इलाके में पुलिस पर घातक हथियार, पत्थर से हमला किया. उन्होंने पुलिसकर्मियों को उनके सरकारी कर्तव्यों से हतोत्साहित करने के लिए पेट्रोल बम तैयार किए और उन पर फेंके. उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को यह कहते हुए रोक दिया, तुमने जानबूझकर हमारे धर्म की चादर जलाने में मदद की. ऐसी झूठी अफवाहें फैलाकर और भद्दी-भद्दी गालियां देकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को विभिन्न स्थानों पर हथकंडों, पत्थरों, खतरनाक हथियारों से पीट-पीटकर और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा को खतरे में डालकर उन्हें घायल कर दिया गया है.

### अंधेरे में महिला पुलिसकर्मियों से की छेड़खानी

उनमें से कुछ ने अंधेरे का फायदा उठाकर आरसीपी दस्ते की एक महिला कांस्टेबल को अश्लील हरकत करने के इरादे से उनकी वर्दी और शरीर को छुआ. इससे उनके नारी मन में लज्जा उत्पन्न हो गई. उसने अन्य महिलाओं के साथ भी यौन दुर्व्यवहार किया और उनका यौन उत्पीड़न किया. कुछ महिला कर्मचारियों को देखकर उन्होंने अश्लील इशारे किए और भद्दे कमेंट किए।

## मणिपुर में जनजातीय हिंसा- एक व्यक्ति की मौत

**हमार जनजाति के युवकों ने जोमी झंडा उतारा, विवाद बढ़ा; सुरक्षा बलों का फ्लैग मार्च**

**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार रात करीब 10 बजे जोमी और हमार जनजाति के बीच हिंसा हुई। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ये हिंसा तब हुई जब हमार जनजाति के युवकों ने सीलमत क्षेत्र के पास फहराए गए जोमी झंडे को उतार दिया।

**हिंसा रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया :** हिंसा को रोकने के लिए बुधवार सुबह सिक्योरिटी फोर्स ने फ्लैग मार्च किया। साथ ही चुराचांदपुर जिले के डिप्टी कमिश्नर धरुण कुमार ने अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण समाधान के लिए जिला मजिस्ट्रेट हर संभव कोशिश कर रही है। जिला प्रशासन सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। साथ ही डीसी धरुण कुमार ने जिले के सभी जनजाति और संगठनों के नेताओं और अन्य सीएसओ नेताओं से शांति को बहाल करने में मदद की अपील की है।



## संसद को फ्रीबीज पर विचार करने की आवश्यकताः जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली,एजेंस।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि प्रलोभन तंत्रों पर, तुष्टीकरण पर, जिसे अक्सर फ्रीबीज के रूप में जाना जाता है, इस सदन को विचार करने की आवश्यकता है। क्योंकि देश केवल तभी प्रगति करता है जब पूंजीगत व्यय उपलब्ध हो। चुनावी प्रक्रिया ऐसी हो गई है कि ये चुनावी प्रलोभन बन गए हैं और इसके बाद सत्ता में आई सरकारों को इतनी असहज स्थिति का सामना करना पड़ा कि वे अपनी सोच पर पुनर्विचार करना चाहती थीं। एक राष्टीय नीति की अत्यंत आवश्यकता है ताकि सरकार के सभी निवेश किसी भी रूप में एक संरचित तरीके से बड़े हित में उपयोग किए जाएं। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान अपनी टिप्पणी में धनखड़ ने कहा कि हमारे संविधान में विधायिका, सांसदों, विधायकों के लिए प्रावधान किया गया था, लेकिन एक समान तंत्र नहीं था। इसलिए, आप देखेंगे कि कई राज्यों में विधानसभाएं सदस्यों को सांसदों की तुलना में अधिक भत्ते और वेतन देती हैं। यदि एक राज्य में किसी को एक रुपया





मिलता है, तो दूसरे राज्य में पेंशन 10 गुना हो सकती है। इसलिए ये ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें कानून के माध्यम से हल किया जा सकता है और इससे राजनेताओं, सरकार, कार्यपालिका को लाभ होगा और यह उच्च गुणवत्ता वाले निवेश को भी सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा कि यदि कृषि क्षेत्र जैसी आवश्यकताओं के लिए सब्सिडी की जरूरत है, तो इसे सीधे प्रदान किया जाना चाहिए और यही विकसित देशों में प्रचलित है। मैंने अमेरिकी प्रणाली की जांच की।

यूपी-राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश

## झारखंड-बंगाल में हीटवेव का अलर्ट, जानें अगले 3 दिन कैसा रहेगा मौसम

**नई दिल्ली,एजेंसी।** उत्तर भारत के कई राज्यों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण भारी बारिश, ओलावृष्टि और बर्फबारी हो रही है. उत्तराखंड के बद्रीनाथ में भारी बर्फबारी हुई है, जबकि यूपी के पश्चिमी जिलों में बारिश और ओले गिरने की संभावना है. वहीं ओडिशा में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है । वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश और ओले गिरने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है. यूपी के पश्चिमी जिलों में गरज के साथ बारिश और ओले गिरने की संभावना जताई गई है. वहीं राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और पहाड़ी इलाके में बारिश और बर्फबारी होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. ओडिशा में 15 से



18 मार्च के बीच लू चलने की चेतावनी जारी की गई है । तराई क्षेत्र में जहां भीषण गर्मी शुरू हो गई है तो वहीं पहाड़ों में अभी भी जमकर बर्फबारी जारी है. यह दुर्लभ तस्वीर सामने आई हैं. पृथ्वी पर मोक्ष धाम कहे जाने वाले बद्रीनाथ क्षेत्र से अभी शीतकाल के लिए बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद हैं लेकिन पूरा बद्रीनाथ क्षेत्र बर्फ की मोटी-मोटी चादरों से ढका हुआ है और यह दुर्लभ नजारा देखते ही बन रहा है ।

### पहाड़ों पर बर्फबारी जारी

पहाड़ों में अचानक मौसम ने एक बार फिर से एक करवट बदल ली है और गर्मी आते-आते एक बार फिर से सर्दी का सितम पहाड़ों में छाने लगा है. आज सुबह लगभग 4 बजे से बद्रीनाथ में रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर जारी है. बद्रीनाथ क्षेत्र में एक फीट से अधिक बर्फ जम चुकी है.

भगवान बद्री विशाल का मंदिर भी बर्फ की मोटी मोटी चादर के से ढका हुआ है. मार्च महीने मैं तराई क्षेत्र एवं शहरों में भीषण गर्मी शुरू हो गई है. वहीं पहाड़ों में अभी भी सर्दी का सितम जारी है और यहां भारी बर्फबारी हो रही है. बद्रीनाथ से कुछ तस्वीरे में सामने आ रही हैं जिसमें चारों ओर बर्फ की मोटी-मोटी चादरबिछीहुईहै ।

## राष्ट्र को सर्वोपरि रखें, एकजुट रहें और ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करें: राजनाथ सिंह

नई दिल्ली,एजेंस। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से आह्वान किया है कि वे हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि रखें, एकजुट रहें, ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में निडरता से आगे बढ़ें, जो मेजर बॉब खाथिंग के मूल सिद्धांत थे। उन्होंने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग एक असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा में अमूल्य योगदान दिया। रक्षा मंत्री बुधवार को दिल्ली कैंट में भारतीय सेना, असम राइफल्स और यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मेजर बॉब खाथिंग स्मारक कार्यक्रम के पांचवें संस्करण को संबोधित कर रहे थे।

मेजर बॉब खाथिंग को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत भाग्यशाली है कि यह ऐसे प्रमुख व्यक्तित्वों का घर है, जिनके लिए राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता सर्वोपरि है। उन्होंने मेजर खाथिंग को भारत का महान सपूत बताया, जिन्होंने युद्ध के मैदान में अपनी बहादुरी और कूटनीति के क्षेत्र में कौशल के माध्यम से देश के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों के आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाना लोगों की जिम्मेदारी है। रक्षा मंत्री ने न केवल तवांग बल्कि पूरे उत्तर-पूर्व क्षेत्र को एकीकृत, विकसित और पुनर्निर्माण करने में मेजर खाथिंग की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि





मेजर बॉब खाथिंग ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने उत्तर-पूर्व के लिए जो काम किया, वह सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए काम के समान है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने एक भी गोली चलाए बिना तवांग को भारत में कुशलतापूर्वक एकीकृत किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे क्रांतिकारियों के सिद्धांतों का पालन करती है। उन्होंने कहा कि हमने एक भी गोली चलाए बिना सबसे बड़ी बाधा- अनुच्छेद 370 - को हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया। सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्वक काम किया गया। राजनाथ सिंह ने मेजर खाथिंग की प्रशासनिक दक्षता, विशेष रूप से सशस्त्र सीमा बल और नगालैंड सशस्त्र पुलिस के गठन और ऐसे अन्य सुधारों में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसी तरह सरकार प्रशासनिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन और सुशासन के माध्यम से हमने लोगों और सरकार के बीच की खाई को कम किया है। डिजिटल इंडिया और जन धन, आधार, मोबाइल (जैम) ट्रिनिटी के माध्यम से आज प्रशासन अधिक जन-उन्मुख हो गया है।

रक्षा मंत्री ने बताया कि सरकार की विदेश नीति मेजर खाथिंग जैसे व्यक्तित्वों के कूटनीतिक कौशल पर आधारित है। उन्होंने कहा कि आज भारत बहुध्रुवीय विश्व में व्याप्त अनिश्चितताओं के बीच अपनी हार्ड पावर और सॉफ्ट पावर के बीच संतुलन बनाए हुए है। यह बहुत गर्व की बात है कि भारत ने अपनी वैश्विक स्थिति को मजबूत किया है। दुनिया के सामने एक नया, मजबूत और संगठित भारत उभरा है।

# आधी सड़क पर फुटपाथी दूकानदारों का कब्जा, रोजाना घंटो लगता है जाम

## 14 फीट चौड़ी सड़क अब सिमटकर है मात्र 4 फीट चौड़ी

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** रसूलपुर चट्टी का बाजार वर्षो से अतिक्रमण का शिकार बना है, जिससे स्थानीय लोगों को हर रोज घंटो तक जाम की समस्याओं से रूबरू होना पड़ता है, जिला प्रशासन भी अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं कर रहा है. वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी वोटों के लोभ में कोई भी ठोस कदम नहीं उठाते. इससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है. रसूलपुर चट्टी बाजार से एक तरफ छपरा-सीवान मुख्य मार्ग एनएच-531 गुजरता है तो दुसरी तरफ रसूलपुर-चैनपुर पथ एसएच-25 गुजरता है जो चैनपुर, सिसवन, रघुनाथपुर, पतार, दरौली, गुठनी होते यूपी को जोड़ता है जो व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण सड़क है.इस कारण दिन-रात हल्के व भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है. चैनपुर पथ से सोनारपट्टी होते एनएच-531 को जोड़ने वाली सड़क पांच मीटर चौड़ी होने के बावजूद यदि कोई अप्रिय घटना घटी तो यहां अग्निशमन वाहन को छोड़िए, रिक्शा भी प्रवेश नहीं कर सकता, दुकानदारों ने आधी सड़क पर हीं शेडिंग कर अपना सामान पसारकर कब्जा कर लिया है, लोगों का कहना है कि फुटकर व सब्जी दुकानदार सड़क किनारे कौन कहे आधी सड़क पर हीं अपनी दुकानें सजाते हैं, इसके अलावा स्थायी दुकानदार भी अपने सामानों को सड़क पर हीं पसारकर रखते हैं इससे सड़क संकीर्ण हो गयी है, वहीं जिला प्रशासन अतिक्रमण खाली कराने में अब भी उदासीन है.स्थानीय लोगों की मानें,तो अतिक्रमण के खिलाफ सीओ एकमा व स्थानीय पुलिस को इसकी शिकायत की गयी पर प्रशासन ने अभी तक कोई अभियान नहीं चलाया है जिस कारण आधी सड़क पर दुकानदारों ने बेशुमार अतिक्रमण कर रखा है जिससे बाजार के समय लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार बना है।



# पूर्वोत्तर रेलवे कॉलेज सोनपुर के 8 कमरे सील होने से परीक्षार्थी से लेकर विद्यार्थी और कॉलेज कर्मी परेशान

## रेलवे प्रशासन पहले रेलवे कॉलेज केसमुचित व्यवस्था करें फिर आगे की कार्रवाई करें

**सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र केइकलौता डिग्री कॉलेज जो पूर्वोत्तर रेलवे कॉलेज के मंगलवार के दिन रेलवे विभाग के आदेशानुसार सोनपुर के कार्यपालक दंडाधिकारी राम जी पासवान के नेतृत्व में सोनपुर पुलिस के सहयोग से महाविधालय के15 में से 8 रूम को सील किया गया। रूम के सील हो जाने के कारण बुधवार को बीए पार्ट वन सत्र 2024 - 28 की प्रैक्टिकल परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के साथ-साथ कॉलेज के कर्मियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा.इस संबंध में कार्यपालक दंडाधिकारी ने बताया कि मंडल रेल प्रशासन के आदेश के आलोक में रेलवे कॉलेज को सील किया गया है परीक्षा खत्म होने के बाद कॉलेज को पूरी तरह से खाली कर देने का आदेश दिया गया है.

कॉलेज के सील होने से विद्यार्थियों एवं विद्यार्थी के परिवार जनों कॉलेज के कर्मियों के साथ-साथ यहां के जनप्रतिनिधियों समाज सेविय बुद्धिजीवियों में रेलवे प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की है। बुद्धिजीवियों का कहना है कि बच्चो केउज्जवल भविष्य केलिए 1978 में तत्कालीन रेल मंत्री मधु दंडवतें ने रेलवे की जमीन पर रेलवे कॉलेज की स्थापना की थी.तब से अब तक के डिग्री कॉलेज संचालित हो रहा है. यह कॉलेज प्रखंड क्षेत्र के इकलौता डिग्री कॉलेज हैजिसमें प्रतिवर्ष 3 से 4000 विद्यार्थी का नामांकन होता है.जो जेपी विश्वविद्यालय से संबंद्ध है.रेलवे प्रशासन के द्वारा हटाने के आदेश पहले ही जारी किया गया है.कॉलेज को हटाने के विरोध में बुद्धिजीवियों ने इस कॉलेज के उसी स्थल पर बरकार रखने के लेकर हाईकोर्ट में अपील दायर की है जिस पर अभी तक सुनवाई नहीं हुई है लेकिन रेलवे प्रशासन ने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए इस कॉलेज को हटाने के लिए पुलिस बल का सहयोग लेकर जबरन 8 रूम को सील कर दी है जिससे विद्यार्थियों से लेकर परीक्षार्थी एवं कालेज कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज के विद्यार्थियों,कर्मियों ने बुधवार को रेलवे प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए इस कॉलेज को इसी स्थल पर रखने के लिए मांग की।अब सवाल यह उठता है कि अगर यह कॉलेज को इस स्थल से हटाया जा रहा है तो फिर अब बच्चे कहां पढ़ेंगे,कैसे पढ़ेंगे। पहले रेलवे प्रशासन इसकी समुचित व्यवस्था करें फिर आगे की कार्रवाई करें।

# चार दिवसीय नौ कुंडलिये गायत्री महा यज्ञ का पूर्णाहुति के साथ हुआ समापन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के शाहपुर जैतिया स्थित नेहाल नाथ मंदिर में 16 मार्च से चल रहे नौ कुंडली गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन बुधवार को शांतिकुंज हरिद्वार के प्रवचन कर्ता धर्मेंद्र जी महाराज के द्वारा आध्यात्मिक और धार्मिक अनुष्ठान और सामाजिक ज्ञान,मानव जीवन के उद्देश्यों के अलावा धार्मिक ज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जा रही है.जिसे श्रद्धालुओं और विद्यार्थियों को ज्ञान और शांति प्राप्त हो रही है.गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन हजारों की संख्या में बच्चों से लेकर बूढ़े तक भारी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ मंडप में पहुँच कर सामूहिक जप,ध्यान, प्रज्ञा योग,व्यायाम,हवन,दीप यज्ञ एवं विभिन्न प्रकार के संस्कार, दीक्षा, गायत्री महायज्ञ और प्रवचन के साथ यज्ञ की पर्णाहूति की गई। चार दिन तक चलने वाली यह महायज्ञ में सबसे ज्यादा महिलाओं की संख्या रही. जहां प्रतिदिन यज्ञ मंडप के परिक्रमा, हवन, जप, प्रवचन सुनने के उपरांत चल रहे महा भंडारा का प्रसाद खाने के लिए हजारों की संख्या में नर और नारी ने प्रसाद ग्रहण किया. इतना ही नहीं प्रतिदिन संध्या 6:00 बजे से लेकर रात्रि के 9:00 बजे तक प्रवचन कर्ता द्वारा दिए गए प्रवचनों को अनुसरण करते हुए सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रण भी लिया।

हरिद्वार के प्रवचन कर्ता धर्मेंद्र जी महाराज ने प्रवचन करने के दौरान उन्होंने हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस युग में जब मानवता हाहाकार कर रही है,पर्यावरण से लेकर परमाणु बम के जखीरा तक जीवन के अस्तित्व को चुनौती दे रहे हैं.मानवीय दुर्भाव अपने चरम पर है.ऐसे में लोगों को युग निर्माण के साथ-साथ अपने धर्म, कर्म, सत्य ज्ञान,सु विचारों से चले तो निश्चित ही मानव धर्म का कल्याण होगा साथ ही धार्मिक कार्यों में बढ़कर हिस्सा लेने से मानव जीवन का सही में मोक्ष की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी प्राणी अगर गलत करता है तो उसका परिणाम भी गलत मिलना तय है.भगवान को ना कोई प्रिया है ना अप्रिय उनका ना कोई अपना है ना पराया सभी प्राणियों को आत्मा है इसलिए सभी प्राणियों की प्रिया हैं.वे न्याय प्रिय हैं.ईश्वर निरंकार है.लेकिन वह सब के पास है.नजरिया देखने की अलग-अलग है. आज संसार में जितने भी कष्ट परेशानी है वह इसलिए है कि लोग धर्म केप्रति लगाव नहीं है केवल अपने व अपने परिवार के स्वार्थ के लिए अनैतिक कार्य कर देते हैं जिसका परिणाम उन्हें मिलना तय है। अच्छे कर्म के अच्छे फल मिलते हैं बुरे कर्म का बुरा फल मिलना तय है। उन्होंने कहा कि सही ज्ञान अर्जित करने के साथ साथ विनम्र बनना चाहिए. उन्होंने कहा कि ज्ञान तभी सार्थक होता है जब व्यक्ति सदाचारी, सहयोगी और दानशील बने। यज्ञ एक संस्कृति है.यज्ञ जीवन जीने की कला है.यज्ञ का अर्थ है परमार्थपरायणता. महराज जी ने कहा कि कभी भी अपने बच्चे के जन्मदिन पर केक नहीं काटे न ही बत्ती को हाथों से बुझायें। बच्चो को शिक्षा केसाथ उन्हें संस्कार जरूर दे तभी शिक्षा का महत्व होगा। प्रवचन को सुनकर हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत गाकर व ताली बजाकर यज्ञ स्थल केसाथ पूरा हरिहर क्षेत्र भूमि का वतावरण भक्तिमय बन गया। इस महायज्ञ को सफल बनाने में सारंगधार प्रसाद सिंह, समरजीत सिंह,सुमन कुमार सिंह,बैजनाथ सिंह,रणवीर सिंह,अशोक सिंह, जज सिंह, सिंह,रविंदर मिश्रा, रामेश्वर पांडे, संतोष कुमार सिंह, प्रजापति किरण, परसा के मस्तिचक के पुजारी विकास शर्मा,भोली सिंह, ओमप्रकाश सिंह ,नवल सिंह, संजीत कुमार ,दीपक सिंह, राहुल सिंह, राजीव रंजन, बंटी, ओमनाथ, धीरज सिंह,वीरेंद्र कुमार,कन्हाई,कुंदन सिंह, मिंटू सिंह,सहित भारी संख्या में श्रद्धालु रहे।

# बाइक सवार को बचाने के दौरान स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर गढ्ढे में पलटी

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के तरैया-अमनौर एसएच-104 मुख्य सड़क पर बुधवार की सुबह शाहनेवाजपुर-मुरलीपुर पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार को बचाने के क्रम में एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। हालांकि घटना के दौरान ईश्वर का लाख-लाख शुक्र है कि कोई हताहत नहीं हुई और सभी लोग सुरक्षित है, अन्यथा किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। बाइक सवार को बचाने एवं अनियंत्रित स्कॉर्पियो की पलटने की पूरी घटना पेट्रोल पंप के समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज देखने से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह बाइक सवार के एकमात्र गलती से कितनी बड़ी हादसा हो सकती थी और कैसे स्कॉर्पियों चालक ने बाइक सवार को बचाया हैं। हालांकि स्कार्पियो चालक के सूझबूझ के कारण बाइक सवार को तो उसने बचा लिया, लेकिन उसकी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई और क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि इस दौरान स्कॉर्पियो में सवार लोगों को भी थोड़ी बहुत चोटे आई है, जिनका उपचार निजदीकि अस्पतालों में कराया गया। हालांकि सभी लोग खतरे से बाहर हैं। हम अपने खबरों के माध्यम से वाहन चालकों से अपील कर रहे हैं कि कृपया अपने वाहन को स्पीड लिमिट में ही चलाए। तेज गति के कारण कितनों की जीवन क्षति हो रही हैं। साथ ही आम लोगों से यह अपील करते हैं कि सड़क पर सतर्क व सुरक्षित होकर चले तथा यातायात नियमों का सतप्रतिशत पालन करें, खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।



# दीप यज्ञ के माध्यम से धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** जिला गायत्री परिवार में साधकों ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को गायत्री परिवार से जोड़ने की मुहिम शुरू करने पर विचार किया। साधकों ने निर्णय लिया कि वे लोगों का जन्मदिन भारतीय संस्कृति के अनुरूप दीप यज्ञ के माध्यम से मनाएंगे। गायत्री परिवार के सदस्यों ने तरैया के भलुआ शंकरडीह गांव में आशीष कुमार सिंह छोटू के जन्मदिन के अवसर पर दीप यज्ञ के दौरान कहा कि गायत्री परिवार विश्व में मानवता स्थापित करने के लिए वैश्विक अभियान शुरू किया है, इसमे प्रत्येक मानव को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने स्वयं की समीक्षा करके आत्म सुधार को अत्यंत प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि अच्छी बहु सभी को चाहिए, लेकिन अच्छी बहु आएंगी कहां से, जबतक अच्छी बेटी नही होगी तबतक अच्छी बहु नहीं मिलेगी। लोगों को अब यह धारणा बदलना पड़ेगा और सही संस्कार से अपने बेटियों का परिवरिश करना होगा। आगें उन्होंने ने कहा कि घर-घर दीप यज्ञ होंगे तो लोगों का मन और विचार सदाचारों की ज्योति से प्रकाशित होगा। जो भी अपना या अपने प्रियजनों का जन्मदिन दीपयज्ञ के माध्यम से मनाना चाहे वे परिजन किसी भी गायत्री परिवार साधक से सम्पर्क कर सकते है। गायत्री साधक बिना अर्थ लिए खुद लोगों के घर जाकर दीप यज्ञ की सेवा करेंगे। कहा कि भारतीय वैदिक संस्कृति में दीप यज्ञ का विशेष महत्व है। जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या अन्य कोई भी संस्कार को दीप यज्ञ के माध्यम से मनाना चाहिए। इससे पूर्व साधकों ने गुरु जी, गुरुमाता जी व गायत्री माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पित किए तथा दीप यज्ञ के समापन में शांतिपाठ किया गया। वहीं दीप यज्ञ के दौरान संत शिरोमणि श्री नारद जी महाराज शामिल हुए। जिनसे गायत्री परिवार के सदस्यों ने आशीर्वाद प्राप्त कर विधिवत दीप यज्ञ सम्पन्न कराया। मौके पर पंकज बाबा, जिला पार्षद सदस्य हरि शंकर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, उपेंद्र सिंह, शिक्षक मुकेश अभिन्दन, पवन शर्मा, पंकज सहनी, समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

# मशरक में सड़क दुघर्टना में वृद्ध महिला समेत दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में सड़क दुघर्टना में वृद्ध महिला समेत दो घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। पहले मामले में मशरक के मगुरहा गांव में नहर पर तेज रफ्तार के बाइक सवार ने वृद्ध को टक्कर मार दी जिसमें वृद्ध महिला गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराई गई। घायल मशरक के मगुरहा गांव निवासी 60 वर्षीय जुलेखा बीबी हैं। घायल के परिजनों ने बताया कि वृद्ध महिला खेत की तरफ जा रही थी कि नहर पर अनियंत्रित तेज रफ्तार की बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिसमें वह घायल हो गई। दूसरे घटना में एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर चंदेश्वर मोड़ पर तेज रफ्तार की बाइक की चपेट में आने से एक शख्स घायल हो गया। घायल तरैया थाना क्षेत्र के पोखरेरा गांव निवासी नागेश्वर राय का 45 वर्षीय पुत्र मोतीलाल राय हैं। इमरजेंसी 112 की टीम ने सीएचसी मशरक में भर्ती कराया। घायल ने बताया कि पत्नी के साथ फाइनेंस कंपनी में ग्रुपिंग लोन लेने आए थे। बैक में पत्नी चली गई और वे सामान खरीदने के लिए बाहर आए कि उसी दौरान तेज रफ्तार की बाइक की चपेट में आ गए। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार किया।

# बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर राजेश राम की नियुक्ति, कार्यकर्ताओं में हर्ष

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नए अध्यक्ष के रूप में राजेश राम की नियुक्ति होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अनुमोदन के बाद संगठन महासचिव के.सी.वेणुगोपाल की आधिकारिक घोषणा के साथ ही यह खबर मीडिया में तेजी से फैल गई।औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा से विधायक राजेश राम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर दरियापुर सहित पूरे प्रदेश में खुशी की लहर दौड़ गई। दरियापुर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें बधाई दी और मिठाइयाँ बाँटकर जश्न मनाया।इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष तरुण कुमार तिवारी ने कहा, ''राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की नजर अब सीधे बिहार पर है। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करेगी। हमें उम्मीद है कि अब प्रदेश में प्रखंड स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलेगा और संगठन मजबूत होगा।'' इस मौके पर कांग्रेस नेता गिरजा प्रसाद राय, राम परिक्षण शर्मा, रविशंकर तिवारी, श्याम किशोर सहनी सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सभी ने राजेश राम के नेतृत्व में बिहार कांग्रेस के मजबूत होने की उम्मीद जताई।

# जमीनी विवाद में एक दूसरे ने जमकर लाठी भाजी, केस दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** थाना क्षेत्र के कैतूका नंदन गांव में जमीनी विवाद को लेकर पट्टीदारों ने जमकर लाठी डंडे भाजी ,आधा दर्जन लोग जख्मी हुए ।दोनों तरफ से प्राथमिकी दर्ज कराई गई ।मामला नंदन ग्राम की है ,प्रथम पक्ष पवन कुमार शर्मा पिता कृष्ण बिहारी शर्मा ने मकेर थाना में आवेदन किया है जिसमे आरोप लगाया है कि जमीन विवाद को लेकर विजय कुमार शर्मा ने मेरे घर घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर गाली गलौज किया उनलोगों को मना करने पर आवेश में आकर लाठी डंडे से प्रहार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया ।वही दूसरा पक्ष बिजय कुमार शर्मा ने भी अन्य लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमे पवन कुमार शर्मा ,कृष्ण बिहारी शर्मा एवम फूलमती देवी को नामजद आरोपी बनाया है वही पवन कुमार शर्मा ने विजय कुमार शर्मा ,हिन्द केशरी शर्मा ,अभिनव कुमार ,एवं माधुरी देवी पर मारपीट कर जख्मी करने का प्राथमिकी दर्ज कराया है ।इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि दोनों तरफ से लिए गये आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही हैं ।

# भाजपा जिला मंत्री बनने पर लोगों ने दी बधाई

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा को भारतीय जनता पार्टी ने सारण जिला पश्चिमी में जिला मंत्री के पद से सुशोभित किया गया। जिसको लेकर मशरक के महाराणा प्रताप चौंक के पास वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय के आवास पर स्वागत सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे नव मनोनीत भाजपा पश्चिमी जिला मंत्री पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा को अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रभात चन्द्र, नंदन बाबा, गौतम ओझा, झामलाल तिवारी, अवधेश शर्मा, मुकेश तिवारी,सुरेश सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय ने कहा कि बीरबल प्रसाद कुशवाहा भारतीय जनता पार्टी संगठन के लिए इमानदारी से काम किए हैं जिसका नतीजा पार्टी ने उन्हें जिला मंत्री के पद से नवाजा है। वे अब पार्टी को जिला स्तर पर मजबूत करेंगे।

## टायर पंचर दुकान में लगी आग, संपत्ति जली

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के मुन्नी मोड़ रेलवे ढाला के पास मशरक शीतलपुर एस एच 73 पर वाहनों के पंचर बनाने वाली दुकान में बुधवार की अहले सुबह भीषण आग लग गई। आग कैसे लगीं यह पता नहीं चल पाया। पीड़ित गुड्डू मिस्त्री पिता सकलदेव मिस्त्री ने बताया कि उनका मकान रेलवे ढाला के बगल में हैं और मुन्नी मोड़ रेलवे ढाला के पास दूसरे तरफ वाहनों के पंचर बनाने की दुकान हैं जिसमें छोटे बड़े वाहनों के टायर रिपेयरिंग होते हैं। उसी दुकान में आग लगनें से लाखों रूपए की संपति जलकर राख हो गई। आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने भी आग बुझाने पहुंची पर आग तब तक बुझ चुकी थी वहीं पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप राम बने भाजपा जिला मंत्री

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** तरैया भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष दिलीप राम को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सारण जिला पश्चिमी में जिला मंत्री के पद से सुशोभित किया गया है। जिसको लेकर प्रखण्ड समेत जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दिया है। वहीं नव मनोनीत भाजपा पश्चिमी जिला मंत्री व पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप राम को लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि दिलीप राम भारतीय जनता पार्टी संगठन के लिए इमानदारी से काम किए हैं जिसका नतीजा पार्टी ने उन्हें जिला मंत्री के पद से नवाजा है। अब वे पार्टी को जिला स्तर पर मजबूत करने का काम करेंगे। वहीं बधाई देने वालो में सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह, जिला पार्षद सदस्य हरिशंकर सिंह, अरुण पाठक, संजीव सिंह, राजीव रंजन सिंह टुल्लू, अमरनाथ सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्रीकांत सिंह समेत अन्य लोगो का नाम शामिल है।

# नगर पंचायत के अग्निकांड पीड़ित को मिला मुवाअजा का चेक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक अंचल कार्यालय परिसर में सीओ सुमंत कुमार ने पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह की मौजूदगी में नगर पंचायत क्षेत्र के मुन्नी मोड़ निवासी अग्निकांड पीड़ित को मुवाअजा का चेक सौंपा गया। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह ने बताया कि मुन्नी मोड़ निवासी आशा देवी पति छोटन साह के करकटनुमा शेडनुमा मकान में खाना बनाने के दौरान चिंगारी से आग लग गई थी। जिसमें पीड़ित परिवार को मुवाअजा का चेक मिला।

# मशरक में बाइक दुर्घटना में घायल युवक सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के चरिहारा गांव में बाइक दुर्घटना में युवक घायल हालत में सीएचसी मशरक में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान चरिहारा गांव निवासी चंद्रिका सहनी का 18 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप उपचार किया। घटना के बारे में जानकारी मिली कि बाइक दुर्घटना में घायल हुआ है।

## निरंजन शर्मा बनाये गये भाजपा महामंत्री

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** भाजपा मंडल के वरिष्ठ नेता निरंजन शर्मा को जिला महामंत्री मनोनीत किये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है ।सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कार्यालय पर एकत्रित होकर उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया है साथ ही कहा है कि उनके मनोनय से भाजपा नेतृत्व एवम कार्यकर्ता में नई संचार ,नई उत्साह के साथ लोगो की सेवा में तत्पर रहेंगे ।उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि भाजपा में पद नही जिम्मेदारी मिलती हैं ,मेरा मकसद रहेगा कि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अपने दायित्वों को बखूबी निर्वहन करते हुए पार्टी को आगे बढ़ना है ।इस मौके पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ सुचिन्द्र साह ,अनिल सिंह, बिरेन्द्र ठाकुर ,पिंटू कुमार ,सुरेश साह, लीला राय ,संतोष कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## रामनवमी शोभायात्रा को लेकर हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** बुधवार की सुबह आगामी रामनवमी शोभायात्रा निकालने को लेकर माकेश्वर नाथ बाबा के मंदिर के प्रांगण में हुई ।बैठक हिंदुचेतना मंच के सदस्यों के आह्वान पर हुई जिसमें रामनवमी के दिन हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से हुई ।बैठक में सर्बसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी सदस्य आगत भक्तजनों की हर सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी जिसमें पेयजल ,यातायात ,माइकिंग ,मेडिकल सहित सभी सुबिधाओं से लैस होकर मौजूद रहेंगे ताकि किसी प्रकार की असुविधा नही हो ,इस मौके पर निरंजन शर्मा ,अतुल श्रीवास्तव ,डॉ सुचिन्द्र साह ,जितेंद्र कुमार ,सुनील राय ,मैनेजर साह , कस्बा मकेर मुखिया प्रतिनिधि संजीत राय, सोनू सिंह, राघवेन्द्र कुमार मिश्रा संदीप कुमार ,भूषण प्रसाद ,शशि भूषण साह, मनीष मालाकार,सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डोरीगंज मे सात वारंटी गिरफ्तार

**डोरीगंज(सारण)।** स्थानीय पुलिस ने विभिन्न मामलों मे फरार चल रहे सात वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि गुप्त सुचना पर की गयी छापेमारी मे थाना क्षेत्र के बलवन टोला गाँव से चार वारंटी सुनील राय , सत्यदेव राय, रविन्द्र राय , वकील राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया ।

वही कांड संख्या 240/24 में वांक्षित तीन अभियुक्त बिंदगांवा गाँव निवासी वर्मा राय धोनी उर्फ धुरंधर राय एवं रामानुज राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । छापेमारी मे डोरीगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार,पी एस आई धीरेन्द्र कुमार,अपर थानाध्यक्ष निर्माला सुमन,ए एस आई अमित कुमार,पी एस आई विवेक कुमार एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# पूर्वी धुन सम्राट पंडित महेंद्र मिश्र के 160वी जयंती समारोह के भव्य आयोजन पर जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** पूर्वी धुन के सम्राट पंडित महेंद्र मिश्र की 160 वी जयंती पर बिहार सरकार की कला संस्कृति व युवा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम के लिए स्मारक समिति के सदस्य व स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।लोगो का कहना है कि इस बार बेहद सफल कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 16 मार्च को पंडित महेंद्र मिश्र के जयंती दिवस पर जलालपुर चौक स्थित पंडित महेंद्र मिश्रा के आदमकद प्रतिमा पर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, महाराजगंज विधायक विजय शंकर दूबे,विधान परिषद सच्चिदानंद राय, भाजपा नेता सत्यम दूबे हेमनारायण सिंह,अमरजीत सिंह, जेपी सेना ललनदेव तिवारी,कन्हैया सिंह तूफानी,विवेकानंद तिवारी,वंशीधर तिवारी पंडित महेंद्र मिश्रा के प्रपौत्र रामनाथ मिश्रा, विनय मिश्रा ने माल्यार्पण कर नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।बाद में प्रखंड कार्यालय परिसर में लगे मुख्य पंडाल मे चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद सिग्रीवाल ने किया।प्रदर्शनी में पंडित महेंद्र मिश्रा के जीवनी से जुड़े सभी चित्रों को और प्रेस की कतरनों को प्रदर्शित किया गया। मुख्य मंच पर दिन में परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने पंडित महेंद्र मिश्रा को भारत रत्न देने की एक स्वर से मांग उठाई। जलालपुर मे उनके नाम पर एक पुस्तकालय व वाचनालय की स्थापना की बात कही गई।शाम को आयोजित कवि सम्मेलन में चोटी के कवियों ने अपनी कविता पाठ से लोगों को खूब गुदगुदाया।उत्तर प्रदेश देवरिया से पधारे बादशाह प्रेमी के हास्य कविताओं पर लोग खूब झूमे और ठहाके लगाए।स्थानीय कवि सत्येंद्र दूरदर्शी ने भी लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। 17 मार्च को दिवाकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने अपने गायकी से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। संध्या काल मे शिवेश मिश्रा, आलोक पांडेय, गोपाल राय जैसे नामचीन लोक गायको ने अपने गायकी से सबको खूब झूमाया।कार्यक्रम में राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, प्रौद्योगिकी मंत्री मंटू सिंह,विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव,विधान पार्षद सर्वेश कुमार पूर्व विधायक रणधीर सिंह, सत्यम दूबे,विवेकानंद तिवारी, ललनदेव तिवारी,सारण एस पी डॉ कुमार आशीष एस डी एम लक्ष्मण तिवारी ने संध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन के साथ उद्घाटन किया। स्मारक समिति के सदस्य व पं महेन्द्र मिश्र के प्रपौत्र विनय मिश्र, विवेकानंद तिवारी ने मंत्री द्वय से राजभाषा विभाग द्वारा अपूर्व रामायण को शीघ्र प्रकाशित करने हेतुपहल करने की बात कही।वही मंत्री मंटू कुमार सिंह ने भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए बिहार सरकार के पहल की बात कही।समिति के लोगों ने पंडित महेंद्र मिश्रा को भारत रत्न देने की मांग की ग ई।कार्यक्रम संचालन संजय भारद्वाज और मधेपुरा से पधारी शशिप्रभा ने किया। सभी कलाकारों,पत्रकारों व स्मारक समिति के सदस्यो को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लोगों ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।



## प्रमंडलीय आयुक्त ने नगरा अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

### निरीक्षण के क्रम में अनुपस्थित पाये गये तीन कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु निर्देश



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** प्रमंडलीय आयुक्त, सारण गोपाल मीणा ने बुधवार को सारण जिलान्तर्गत नगरा अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अंचल कार्यालय के तीन कर्मी अनुपस्थित पाये गये। मनोज कुमार सहायक प्रशासी पदाधिकारी (प्रधान सहायक) तथा अंचल अमीन संजीत कुमार एवं अजय कुमार यादव अनुपस्थित थे, जिनके विरुद्ध कार्रवाई के लिये जिलाधिकारी, सारण को निदेश दिया गया है। आयुक्त ने उपस्थिति पंजी, अतिक्रमण वाद पंजी, भू-बंदोबस्त पंजी, वासगीत पर्चा पंजी,भू-दान पंजी, भू-संपरिवर्तन पंजी, लोकसभा-विधानसभा प्रश्नोत्तरी पंजी आदि का बारीकी से अवलोकन किया। दाखिल खारिज एवं परिमार्जन के निष्पादन की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में कार्यालय में स्वस्थ्य कार्यसंस्कृति को बानाये रखने को लेकर उन्होंने अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया।

## बाकरपुर व परमानंदपुर में घर में आग लगने से लाखों रुपए का हुआ नुकसान

### बाकरपुर में गैस सिलेंडर के फटने से लगी थी आग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के बाकरपुर एवं परमानंदपुर में आग लगने से लाखों रुपए की सामान जलकर राख हो गया है. इस संबंध में पीड़ित ने सोनपुर थाने में आवेदन देकर इसकी जानकारी दी। सोनपुर थाना क्षेत्र के बाकरपुर में बुधवार के दिन अचानक खाना बनाने के दौरान ही गैस सिलेंडर के लीक करने से आग लग गई, जिसके कारण सिलेंडर फटने से आग इतनी विकराल रूप धारण कर ली की दो घर में आग लगने से घर में रखे सभी समान जलकर नष्ट हो गया। जब तक के अग्निशमन विभाग की टीम आई तब तक सभी सामान जलकर नष्ट हो गया वहीं आग लगने की खबर सुनते ही लोगों में हाहाकार मच गया लोगों ने आनंन फानन में किसी तरह से आग बुझाने में तो कामयाब हो गया लेकिन बाकरपुर निवासी सुधीर कुमार एवं सुनील कुमार के घर में रखी 10 लाख रुपए से ऊपर के समान सभी जलकर नष्ट हो गया। आग की खबर सुनते ही गांव में हहकार मच गया जहां ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने में तो कामयाब हो गया लेकिन घर के रखे सभी सामान नष्ट हो गए. इस घटना की जानकारी मिलते ही राजद नेता शंभू चौरसिया,समाजसेवी राजीव कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने पहुंचकर पीड़ित को हर संभव सरकार से मिलने वाली सहायता राशि दिलाने का भरोसा दिलाया वहीं दूसरी ओर परमानंदपुर के वार्ड नंबर 11 में रामनरेश राय पिता महेंद्र राय के खपरैल नुमा घर में मंगलवार क़े रात्रि आग लगने के कारण आग इतनी भयावह था है कि उसके भाई महेश राय की भी घर में आग लग गई जिसके कारण दोनों घर के रखे लाखों रूपये का सभी सामान जलकर नष्ट हो गया है. इस घटना की जानकारी ग्रामीणों के मिलते ग्रामीणों ने किसी तरह से रात्रि में आग बुझाने में कामयाब तो हो गया लेकिन रामनरेश राय और महेश राय पिता महेंद्र राय के घर के सभी सामान जलकर नष्ट हो गया है. आग लगने की पूर्ण जानकारी नहीं मिल पाई। उक्त बात की जानकारी देते हुए वार्ड सदस्य प्रतिनिधि विजय यादव ने बताया कि इस संबंध में पीड़ित ने सोनपुर थाने में आवेदन देकर सरकार से मिलने वाली सहायता राशि की मांग की है।

## डोरीगंज मे 340 लीटर देशी शराब जब्त , धंधेबाज फरार

**डोरीगंज(सारण)।** डोरीगंज थाना क्षेत्र के महाजी गाँव स्थित पिपरा गाछी के पास से स्थानीय पुलिस ने दो मोटर साइकिल पर लदी 340 लीटर देशी शराब बारामद किया है।पुलिस को देख शराब धंधेबाज फरार हो गए लेकिन पुलिस के द्वारा मोटर साइकिल के नम्बर के आधार पर एक धंधेबाज की पहचान करते हुए डोरीगंज थाने में एक नामजद एवं दो अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कर फरार सभी धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।यह जानकारी थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने दी।

## भेल्दी में 120 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद,दो कारोबारी गिरफ्तार



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक पिकअप वैन पर लदे 120 कार्टन शराब को जप्त कर लिया।इस धंधे में संलिप्त दो कारोबारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पकड़े गए कारोबारियों में मोतिहारी जिले के मधुबन थाने के भेलवा गांव के सचिन कुमार व अंकित कुमार शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शराब की एक बड़ी खेप एनएच के रास्ते से आ रही है जब पिकअप वैन थाने के समीप पहुंची तो वाहन की तलाशी ली गई तो मोटे वाले लाल मिर्च के बोरे के नीचे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के कार्टन को देख पुलिस चकित रह गई।थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि उक्त शराब यूपी से मोतिहारी जा रही थी।ऑफिसर च्वाइश शराब 180 एमएल में 5760 पैकेट थे।पुलिस ने पकड़े गए दोनों कारोबारियों से गहन पुछ-ताछ के बाद मंडल कारा छपरा भेज दिया।

## पश्चिमी सारण जिला भाजपा के न ए पदाधिकारियों का चयन

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** प्रखंड के हरपुर शिवालय परिसर स्थित किसान भवन में भारतीय जनता पार्टी के उच्च पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।जिसमें जिला के विभिन्न नव चयनित पदाधिकारियों के नामो की घोषणा की गई। इस संबंध में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें जिला प्रभारी अनूप श्रीवास्तव व जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने बताया कि सात को उपाध्यक्ष, तीन को महामंत्री व सात को मंत्री बनाया गया है। उन्होने कहा कि रामाशंकर मिश्रा शांडिल्य,चैत्येंद्र नाथ सिंह, त्रिभुवन तिवारी श्रीमती पूजा शर्मा विनीत कुमार चौधरी, अखिलेश्वर प्रसाद उर्फ भोला जी व खुशबू ठाकुर को पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया गया है।उमेश कुमार तिवारी, संजय सहाय,शारदानंद प्रसाद को पार्टी का महामंत्री बनाया गया है। जबकि सुमन देवी,बीरबल कुशवाहा दिलीप राम, चंदा कुमारी, सोनू कुमार सिंह, गायत्री देवी तथा अनुपम देवी को पार्टी का मंत्री बनाया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में संजय कुमार मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह कार्यालय मंत्री संजीव कुमार उर्फ मनु,कार्यालय मंत्री मुकुल कुमार सिंह बनाए गए हैं। सभी नव चयनित पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर के सम्मानित किया गया।पदाधिकारी द्वय ने बताया कि इन पदाधिकारियों के चयन से पार्टी जिले में मजबूत और मजबूत बनेगी।मौके पर हेमनारायण सिंह अमरजीत सिंह सहित क ई अन्य भी थे।

### टीबी मुक्त पंचायत अभियान

## जिले के 11 पंचायत को सिल्वर और 82 पंचायतों को कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाएगा

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** विगत वर्ष 2023- 24 और 2024- 25 में भी राज्य में पहले पायदान पर सिवान जिला का चयन हुआ है। क्योंकि विगत वर्ष जिले के 11 पंचायतों को टीबी मुक्त किया जा चुका है। वहीं इस बार भी 82 पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत की घोषणा होने वाली है। कुल मिलाकर जिले के 18 प्रखंडों के 93 पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम के तहत आगामी 24 मार्च को घोषणा किया जाना है। यक्ष्मा उन्मूलन एवं टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश में स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों द्वारा पंचायत जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विभिन्न स्तर पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। क्योंकि सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य विभाग हर संभव प्रयास करता है कि हर तबके के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि राज्य में सबसे अधिक सिवान जिले के 93 पंचायतों को टीबी मुक्त किया जाना है। इन सभी पंचायतों को जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के द्वारा कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। लेकिन सबसे अहम बात यह है कि इनमें से 11 पंचायत विगत वर्ष टीबी मुक्त अभियान के तहत मुक्त हो चुका है। जिसको इस बार सिल्वर मेडल से नवाजा जाएगा। जबकि शेष 82 पंचायतों को कांस्य पदक के रूप में गांधी जी प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाना है। टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम पहल 2024- 25 में चयनित पंचायतों का मूल्यांकन और अनुश्रवण जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के द्वारा कराए जाने के बाद टीबी मुक्त पंचायत की परिकल्पना को मूर्त रूप दिया गया है। क्योंकि इन लोगों द्वारा मुख्य रूप से छः प्रकार के सूचकांकों पर अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया गया है।

**राज्य में सबसे ज्यादा सिवान जिले के 93 पंचायतों को किया जाएगा टीबी मुक्त पंचायत की घोषणा**

संचारी रोग पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि देश से टीबी जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम अंतर्गत पहल 2024- 25 के दौरान मुख्य रूप से छः सूचकांकों को आधार बनाकर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा अनुश्रवण और मूल्यांकन कराने के बाद जिले के 93 पंचायतों को यक्ष्मा जैसी बीमारी से मुक्त करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश के आलोक में तैयारी अंतिम चरण में चल रही है। जिसमें मुख्य रूप से सदर प्रखंड के 08, बड़हरिया के 7, भगवानपुर हाट, दरौली, गोरेयाकोठी, महाराजगंज, मैरवा, पचरुखी और सिसवन प्रखंड के 6- 6 पंचायत जबकि लकड़ी नबीगंज और जिरादेई के 5- 5, दारौंदा और गुठनी के 4- 4, हसनपुरा और नौतन के 3- 3 जबकि आंदर प्रखंड के 2 पंचायतों को आगामी विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर उपरोक्त 18 प्रखंड के 93 पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम अंतर्गत ÷पहल 2024- 2025÷ के दौरान कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें 11 पंचायत को सिल्वर मेडल तो 82 पंचायत को कांस्य पदक शामिल है। देश में प्रत्येक वर्ष लगभग पांच लाख से अधिक लोग टीबी जैसी बीमारी के कारण काल के गाल में समा जाते हैं। क्योंकि यह आंकड़ा दुनिया के अन्य देशों से अधिक है, सामान्य लोगों की अपेक्षा यक्ष्मा बीमारी से ग्रसित रोगियों के संपर्क में आने से टीबी की बीमारी होने का खतरा अत्यधिक होता है। जिसको लेकर टीबी से संबंधित स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

## इसुआपुर कांग्रेस जनो में खुशी, राजेश कुमार बने प्रदेश अध्यक्ष

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार को बनाए जाने पर कांग्रेस जनों ने अपार खुशी व्यक्त करते हुए मिठाइयां बांटी तथा शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार जिला औरंगाबाद कुटुंबा विधानसभा से कांग्रेस के विधायक हैं। जिला उपाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने कहा कि राजेश कुमार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे बिहार प्रदेश के कांग्रेस जनों में खुशी की लहर है। वही कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। चुनावी वर्ष में एक दलित नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से कांग्रेस को सबको सम्मान देने की नीति का प्रमाण मिला है। खुशी व्यक्त करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष प्रोफेसर उदय सिंह,संतकुमार सिंह, अवकाश प्राप्त शिक्षक मैकेनिक प्रसाद, रामदेव चतुर्वेदी तथा अन्य थे।

## सोनपुर में अलग-अलग स्थान से दो अज्ञात शव को सोनपुर पुलिस ने किया बरामद

### शराब बिक्री के मामले में एक महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर अज्ञात शव को सोनपुर पुलिस ने बुधवार को बरामद कर लिया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि सबलपुर महुआ बाग गंगा नदी में अज्ञात शव को पुलिस ने बरामद किया है। अज्ञात शव के देखे जाने पर उसकी उम्र लगभग 35 साल के करीब पुरुष की लाश है. मृतक टी शॉर्ट एवं जींस पैंट पहने हुए हैं वहीं दूसरी ओर सोनपुर -परमानंदपुर के गोविंद चक्र रेलवे ढाला के नजदीक रेलवे की जमीन के झाड़ी में गिरे एक अज्ञात शव को पुलिस ने बरामद कर ली है. दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया गया है। वही दूसरी ओर शराब बेचने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बताया शराब के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महिला शिकारपुर छपरा के बबलू राय की पत्नी वंदना देवी है।

## नल जल योजना की सीओ-बीडीओ ने की जांच

**दैनिक खोज खबर/ मशरक (सारण)।** डीएम अमन समीर के निदेश पर मशरक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में नल जल योजना की सीओ सुमंत कुमार और बीडीओ पंकज कुमार ने जांच की। पदाधिकारियों को जांच के लिये सम्बद्ध पंचायतों में पीएचईडी द्वारा क्रियान्वित की जा रही नल जल योजनाओं की अद्यतन क्रियाशीलता की स्थिति व गुणवत्ता की तहकीकात की। सभी जांच पदाधिकारियों को अपना जांच



रिपोर्ट जिलाधिकारी समर्पित करने की बात बताई। जांच रिपोर्ट में उल्लेखित कमियों को सूचीबद्ध कर इसके सुधार के लिये अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

## जिला सहकारिता संघ के बैनर तले धरना आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** जिलासहकारिता संघ ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला प्रबंधक एसएफसी कार्यालय पर एक दिवस में धरना दिया धरना दिया और प्रदर्शन किया। जिला भर से आए पैक्स अध्यक्ष धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। एक दिवसीय धारना का मुख्य उद्देश्य समितियां का एसटीआर नहीं बनना और सीएमआर संग्रह नहीं करना था। धरना पर बैठे पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि विगत 45 दिनों से दोनों काम बंद है। जिससे समितियों को ब्याज के रूप में एक करोड़ राशि से अधिक की छति हुई है। धरना प्रदर्शन के समय जिला प्रबंधक अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित नहीं थे। जिस कारण धरना पर बैठे पैक्स अध्यक्ष ने अपना ज्ञापन कार्यालय को सौंपा और त्वरित रूप से कार्रवाई करने की मांग की। अपने मांग पत्र में पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि एसएफसी प्रबंधक के द्वारा जिम्मेवारी नहीं ली जाती तो वे अनिश्चितकाल के लिए धरना प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन में शामिल होने वाले पैक्स अध्यक्ष में सुमंत सिंह, विवेक कुमार सिंह, संजीत कुमार भारती, संजय कुमार यादव, पवन कुमार सिंह, सुनील कुमार प्रसाद, दुल्ली देवी, सत्येंद्र यादव सहित अन्य का नाम शामिल था।

## पर्यावरण मित्र डॉ सत्य प्रकाश को मिला अटल योद्धा सम्मान

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** गोपालगंज जिले के पर्यावरण मित्र डॉ सत्य प्रकाश को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए एकमा नगर पंचायत बाजार में भव्य सम्मान दिया गया। पौधा लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान के प्रणेता डॉ सत्य प्रकाश को एकमा भाजपा मंडल की ओर से भाजपा नेता व चंद्रा मार्ट एकमा के स्वामी अविनाश चंद्र उपाध्याय, भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता बंटी ओझा, भाजपा एकमा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष सूर्यनंदन शाही, शिक्षाविद व पत्रकार के. के. सिंह सेंगर, सोमेश्वर तिवारी, संजीत अकेला व डॉ पंकज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से अटल योद्धा सम्मान देकर सम्मानित किया। पर्यावरण मित्र डॉ सत्य प्रकाश को अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ सत्य प्रकाश ने कहा कि प्राण वायु की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम पर नियंत्रण के लिए पौधा लगाना जरूरी है, क्योंकि पौधे प्रकृति का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने पूर्वजों, मां के नाम पर, जन्मदिन, शादी की सालगिरह और विभिन्न उत्सवों के अवसर पर पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाएं।

**रविवार को ग्राहकों के बीच पौधा वितरण का संकल्प-** इस मौके पर चंद्रा मार्ट पहुंचे सभी ग्राहकों को पर्यावरण मित्र के सौजन्य से छायादार, फलदार व फूलों के पौधे वितरित कर पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। वहीं चंद्रा मार्ट के स्वामी भाजपा नेता अविनाश चंद्र उपाध्याय ने पर्यावरण मित्र की प्रेरणा से प्रत्येक रविवार को ग्राहकों के बीच पौधा वितरण करने का संकल्प लिया।

**शिक्षक सह पत्रकार सोमेश्वर तिवारी भी सम्मानित-** कार्यक्रम के दौरान गोपालगंज के मीरगंज निवासी शिक्षक सह पत्रकार सोमेश्वर तिवारी को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, पत्रकारों व ग्राहकों को पर्यावरण मित्र डॉ सत्य प्रकाश द्वारा पौधा देकर पौधा लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान में शामिल होने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता व चंद्रा मार्ट एकमा के स्वामी अविनाश चंद्र उपाध्याय, भाजपा नेता बंटी ओझा, भाजपा एकमा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष सूर्यनंदन शाही, शिक्षाविद व पत्रकार के. के. सिंह सेंगर, संजीत अकेला व डॉ पंकज कुमार सिंह आदि के अलावा भाजपा नेता व कार्यकर्ता सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

**25 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित हैं डॉ सत्यप्रकाश-** गौरतलब है कि गोपालगंज जिले के हथुआ प्रखंड के बरवां गांव निवासी व डीएवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोपालगंज में सहायक शिक्षक सह पर्यावरण मित्र डॉ सत्य प्रकाश अब तक सवा लाख से अधिक पौधे लगा चुके हैं। उन्हें कई सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। पिछले 25 वर्षों से उन्होंने अपना आधा जीवन पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया है। खास बात यह है कि वे शादी-विवाह, जन्मोत्सव व महापुरुषों की पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर उपहार में पौधा देते हैं और लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हैं।डॉ सत्य प्रकाश को पर्यावरण मित्र, ऑक्सीजन मैन, वनमाली, युवा पेड़ प्रेमी व पर्यावरण प्रहरी जैसी उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है।

## घर बनाने को लेकर मारपीट, पांच घायल

सिवान। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ले में घर बनाने को लेकर पट्टीदारों में मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष से महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में शकुंतला देवी, निर्भय कुमार, अश्वनी कुमार, मोहिनी कुमारी व सुरभि कुमारी शामिल हैं। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि घर बनाने के लिए रुपये इकट्ठा कर बालू, ईंट, सरिया सहित अन्य सामान गिरवाया गया था। पट्टीदारों ने काम को रुकवा दिया। पूछताछ के लिए सभी लोग गए तो लाठी डंडे से हमला कर दिया।

## बढ़ते अपराध की रोकथाम को शहर में चलाया गया वाहन जांच अभियान

सिवान। जिले में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम को लेकर बुधवार को रोको-टोको अभियान के तहत बबुनिया मोड़, स्टेशन रोड, पीदेवी मोड़, अस्पताल रोड, जेपी चौक के पास पुलिस ने दो घंटे से अधिक समय तक सघन बाइक चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध बाइक चालकों को रोक कर उनके वाहनों के कागजात और शरीर की तलाशी ली गई। वाहन चेकिंग की सूचना मिलते ही बिना कागजात के बाइक लेकर चलने वालों में हड़कंप मच गया। कई बाइक चालक रुट बदल कर अपने गंतव्य को रवाना हुए। चेकिंग के दौरान बाइक की डिक्की से लेकर युवकों की पाकेट तक की तलाशी ली गई। मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर प्रतिदिन रोको टोको अभियान के तहत वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इस दौरान बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले से जुर्माना वसूलने की प्रक्रिया शुरू की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बाइक की डिक्की की तलाशी लेने के पीछे उद्देश्य यह है कि कोई भी बाइक सवार किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामान तो लेकर ना जाए। अपराध की अधिकांश घटनाओं में बाइक के हो रहे उपयोग को देखते हुए इसकी जांच आवश्यक है।

## वित्त रहित शिक्षकों ने काला बिल्ला लगा जताया विरोध

**आंदर (सिवान)** वित्त रहित शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा पटना के आह्वान पर आंदर प्रखंड के अर्कपुर स्थित महाविद्यालय के वित्त रहित शिक्षकों ने बुधवार को विभिन्न मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। उनकी मांगों में सात वर्षों से लंबित अनुदान के एक मुश्त भुगतान करने, अनुदान के बदले वेतनमान देने, कार्यरत सभी शिक्षणकर्मियों की सेवा स्थाई करने, सेवानिवृत्त की आयु बढ़ाने, सेवा नियुक्ति के बाद पेंशन देने समेत अन्य मांगें शामिल थीं। इस दौरान महाविद्यालय के प्रशासक डा. रवींद्र कुमार सिंह, निदेशक राणा रविकेश रंजन, प्राचार्य प्रो. राजेश्वरी सिंह, प्रधान लिपिक पप्पू कुमार प्रसाद, सत्येंद्र मिश्रा, रुद्रप्रताप सिंह, उपेंद्र कुमार दास, नन्हें यादव, विश्वनाथ यादव आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## फसल काटने के मामले में छह के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के देईपुर निवासी श्यामबहादुर यादव ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही छह लोगों पर जबरन सरसों की फसल काटने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि 11 मार्च को अपने खेत में सरसों की फसल काट रहा था। तभी मेरे पड़ोसियों ने पुलिस बुलाकर रुकवा दिया तथा पुनः शाम को चोरी से सरसों का बोझा उठाकर लेकर चले गए। मना करने पर सभी लोग मारपीट करने पर उतारू हो गए। इसके पूर्व भी 11 फ़रवरी को पड़ोसी विक्की यादव एवं उसके स्वजनों ने हरवे-हथियार के बल पर ढाई कट्ठा जमीन में लगी सरसों की फसल जबरन काट लिए थे। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## कदाचारमुक्त माहौल में हुई 11वीं की वार्षिक परीक्षा

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के बीएसबी आंबेडकर इंटर कालेज में चल रही 11वीं की वार्षिक परीक्षा बुधवार को शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में हुई। यह परीक्षा दो पाली में ली गई। प्रथम पाली में अंग्रेजी तथा दूसरी पाली में हिंदी व और उर्दू विषय की परीक्षा ली गई। परीक्षा में विज्ञान संकाय के कुल 267 छात्र-छात्राएं तथा कला संकाय में कुल 105 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य सह सचिव प्रो. ई. आलोक कुमार ने बताया कि इस परीक्षा में जो बच्चे उत्तीर्ण नहीं होंगे उनका इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं किया जाएगा। इस मौके पर प्रो. रामबदन यादव, प्रो. राजेश राम,, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. संजय कुमार यादव, प्रो. जाहिद हसन, प्रो. नजहत फातिमा, प्रो. शमीम अहमद समेत काफी संख्या में कालेज के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

## विदेश भेजने के नाम पर सवा लाख रुपये की ठगी, प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बनकट निवासी मंजेश प्रसाद ने थाना में आवेदन देकर विदेश भेजने के नाम पर सवा लाख रुपये ठगी का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। इस मामले में सारण के छपरा नगर थाना क्षेत्र के दहियांवा निवासी आमिर हुसैन को आरोपित किया है। अपने आवेदन में कहा है कि आमिर हुसैन ने मुझे सऊदी अरब भेजने के साथ अच्छा वेतन व अन्य सुविधा मिलने का भरोसा दिलाया। इसके बदले में उसने मुझसे एक लाख 25 हजार रुपये की मांग की और मेरा मूल पासपोर्ट ले लिया। उसकी बातों पर भरोसा कर मैंने उसे नवंबर, दिसंबर व जनवरी महीने में चार बार में एक लाख 25 हजार रुपये दे दिया। एजेंट ने रुपये लेने के बाद आठ जनवरी को मुंबई एयरपोर्ट से सऊदी अरब के लिए फ्लाइट होने की बात कह कर मेरे वाट्सएप पर सऊदी अरब का वीजा तथा टिकट का फोटो भेज दिया। जब मैं सऊदी अरब जाने के लिए मुंबई एयरपोर्ट पहुंचा तो उसके द्वारा भेजा गया मेरा वीजा तथा टिकट दोनों जाली पाया गया। मैं निराश होकर गांव वापस आ गया और अपने पिता के साथ उसे छपरा स्थित उसके कार्यालय पहुंचा तो उसमें ताला लगा हुआ था। उसके बाद खोजते हुए उसके घर पहुंचा तो रुपये व पासपोर्ट मांगा तो मारपीट पर उतारु हो गया तथा धमकी देकर भगा दिया। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है।

## शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का मंचन

**गुठनी (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के ओदिखोर गांव में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार की शाम वृंदावन से पधारी रामलीला मंडली द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का मनमोहक मंचन किया गया। श्रीधाम वृंदावन से रासलीला मंडल के पंडित मयंक बृजवासी के भक्ति गीतों के बीच कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण और राधा का नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। ओदिखोर निवासी प्रसिद्ध लकड़ीहवा बाबा के दृढ़संकल्प से आयोजित यज्ञ के दौरान सोहागरा पंचायत के मुखिया रणजीत कुशवाहा ने राधा-कृष्ण की पूजा व आरती की। वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा एवं पूजा अर्चना के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। इस दौरान जय श्रीराम, हर-हर महादेव व जय हनुमान के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

# जिले के 93 पंचायतों के टीबी मुक्त घोषित होने पर मिलेंगे पुरस्कार

**सिवान।** राज्य में सबसे ज्यादा 93 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किए जाने पर पंचायतों को पुरस्कार दिया जाएगा। विगत वर्ष 2023- 24 और 2024- 25 में भी राज्य में पहले पायदान पर सिवान का चयन हुआ है। इस संबंध में सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि राज्य में सबसे अधिक सिवान के 93 पंचायतों को टीबी मुक्त किया जाना है। इन सभी पंचायतों को जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के द्वारा कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 11 पंचायत विगत वर्ष टीबी मुक्त अभियान के तहत मुक्त हो चुका है। उन पंचायतों को इस बार सिल्वर मेडल दिया जाएगा। जबकि शेष 82 पंचायतों को कांस्य पदक के रूप में गांधी प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाना है। टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम पहल 2024- 25 में चयनित पंचायतों का मूल्यांकन और अनुश्रवण जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा कराए जाने के बाद टीबी मुक्त पंचायत की परिकल्पना को मूर्त रूप दिया गया है। संचारी रोग पदाधिकारी डा. अशोक कुमार ने बताया कि देश से टीबी जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम अंतर्गत पहल 2024- 25 के दौरान मुख्य रूप से छह सूचकांकों को आधार बनाकर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा अनुश्रवण और मूल्यांकन कराने के बाद जिले के 93 पंचायतों को यक्ष्मा जैसी बीमारी से मुक्त करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश के आलोक में तैयारी अंतिम चरण में चल रही है। उसमें मुख्य रूप से सदर प्रखंड के आठ, बड़हरिया के सात, भगवानपुर हाट, दरौली, गोरेयाकोठी, महाराजगंज, मैरवा, पचरुखी और सिसवन प्रखंड के छह-छह पंचायत जबकि लकड़ी नबीगंज और जीरादेई के पांच- पांच, दारौंदा और गुठनी के चार- चार, हसनपुरा और नौतन के तीन-तीन जबकि आंदर प्रखंड के दो पंचायतों को आगामी विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर उपरोक्त 18 प्रखंड के 93 पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम अंतर्गत पहल 2024- 2025 के दौरान कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें 11 पंचायत को सिल्वर मेडल तो 82 पंचायत को कांस्य पदक शामिल हैं।



# पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य शुरू करने के लिए हुआ भूमि पूजन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के अरना पंचायत के बारोपुर गांव पंचायत सरकार भवन के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। इस निर्माण कार्य की शुरुआत पंचायती राज पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी ने भूमि पूजन के साथ की। मौके पर बीडीओ पंकज कुमार, सीओ सुमंत कुमार ,अरना मुखिया अनिल ठाकुर, संतोष सिंह समेत अन्य मौजूद थें। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण पूरा होने के बाद पंचायत क्षेत्र के लोगों को विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलेगा, जिससे उनके समय और मेहनत की बचत होगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पंचायत के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर मिलेगा। सीओ सुमंत कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण न केवल स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली को सुगम बनाएगा, बल्कि यह क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी सहायक साबित होगा। भवन के निर्माण से पंचायत स्तर पर सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी रूप से उपलब्ध कराया जा सकेगा। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण कई प्रकार की सरकारी सुविधाओं को एक जगह मुहैया कराने में मदद करेगा, जैसे कि राशन वितरण, प्रमाणपत्र जारी करना, सरकारी योजनाओं का पंजीकरण आदि हैं।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**परवेज अख्तर/सीवान।** नौतन थाना क्षेत्र के सुंदरपुर में एक 22 वर्षीय युवक का शव बुधवार को फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान कैलाश यादव का 22 वर्षीय पुत्र मनु कुमार यादव के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृत मनु के माता-पिता एवं छोटे भाई पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रहते हैं। वहीं बड़ा भाई विदेश में रहता है। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। घर पर अपने चाचा के परिवार के साथ रहता था। चाचा परमहंस यादव ने बताया कि विगत एक वर्ष से उसकी दिमागी संतुलन ठीक नहीं थी। खाना खाकर 18 मार्च को अपने दरवाजे की कुंडी लगाकर सो गया। बुधवार की सुबह काफी देर तक जब उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो उसकी चचेरी भाभी ने दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई। जब उधर से कोई जवाब नहीं मिला तो उसकी भाभी ने आसपास के लोगों को बुलाया। लोगों ने कमरे के पीछे के वेंटिलेटर से झांक कर देखा, तो वह गले में फंदा डालकर लटका हुआ दिखाई दिया। थाना प्रभारी उमेश कुमार पासवान ने बताया कि उक्त युवक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं बताया जा रहा है फिर भी घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन घायल

**सिवान।** जिले के अलग-अलग सड़क दुर्घटना में बुधवार की सुबह आधा दर्जन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज हुआ। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्यामपुर की है, जहां दो बाइक की टक्कर में चार युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान जीरादेई थाना क्षेत्र के जामापुर निवासी विकास कुमार सिंह, विवेकानंद कुमार व सिवान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टड़वां निवासी रामायण यादव व मंगल यादव के रूप में हुई । बताया जाता है कि विकास व विवेकानंद एक बाइक पर सवार होकर शहर आ रहे थे। वहीं रामायण व मंगल एक बाइक पर सवार होकर मैरवा जा रहे थे। तभी दोनों बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे चारों घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना सराय थाना क्षेत्र के चांप गांव की है। जहां एक बाइक सवार दो युवकों को ट्रक वाले ने धक्का मार दिया। इससे दोनों घायल हो गए। घायलों की पहचान मिहिर कुमार व जयनाथ कुमार के रूप में हुई। दोनों एक बाइक पर सवार होकर पचरूखी जा रहे थे।

## सात दिवसीय हनुमत महायज्ञ को निकली कलश यात्रा

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के मदारीचक स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय हनुमत महायज्ञ को ले बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ हाथी-घोड़े व बैंड बाजे के साथ महायज्ञ स्थल से आरंभ होकर जलालपुर होते हुए नवादा मठ स्थित तालाब के समीप पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरा गया। उसके बाद कलश यात्रा जलालपुर, चपरैठा होते हुए पुन~यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां गणेश पूजन के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा के दौरान हर-हर महादेव, जय श्रीराम व जय हनुमान के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। महायज्ञ को ले मंदिर परिसर का आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यज्ञशाला और प्रवचन पंडाल का निर्माण भी किया गया है। इसके अलावा जगह-जगह तोरणद्वार बनाए गए हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि आचार्य सुधांशु द्विवेदी के नेतृत्व में चल रहे महायज्ञ की पूर्णाहुति 25 मार्च को हवन, पूजन और आरती के साथ होगी। यज्ञ के दौरान कथावाचक साधना शास्त्री प्रत्येक दिन प्रवचन और कथा का आयोजन किया जाएगा।

## जबरन जमीन कब्जा करने व हत्या की धमकी देने का आरोप

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मड़कन निवासी इरशाद अनवर ने थाना में आवेदन देकर हुसैनगंज निवासी सुनील कुमार सोनी व अन्य लोगों पर जबरन जमीन कब्जा करने तथा पूछताछ करने पर हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि तीन मार्च को मेरे जमीन पर हुसैनगंज निवासी सुनील कुमार सोनी एवं कुछ हथियारबंद अज्ञात लोग जबरन कब्जा करने हेतु नींव खोद रहे थे। जब मैं वहां पहुंचकर मना किया तो सुनील सोनी पिस्टल दिखाकर धमकाते हुए यहां हत्या की धमकी देते हुए भाग जाने की धमकी दी। इस वहां उपस्थित उसके समर्थकों ने मेरे साथ मारपीट करते हुए सुनील कुमार सोनी के नाम जमीन रजिस्ट्री करने को कहा। इसी बीच सुनील ने मेरे गले से ढाई लाख रुपये की प्लेटिनम का चेन छीन लिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं सुनील कुमार सोनी ने आरोप को निराधार बताया है।

## अपहृता पहुंची कोर्ट, पुलिस ने कराया मेडिकल

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बगौरा से 10 फरवरी को शादी की नीयत से एक युवती का अपहरण कर लिया गया था। इस मामले में अपहृता के पिता ने थाना में आवेदन देकर संदीप साह, बिबेक साह एवं राजकुमार तथा पिता अनिल साह को आरोपित किया था। पुलिस अभी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी तभी अपहृता 18 मार्च को न्यायालय पहुंच गई। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने युवती को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव से 10 फरवरी को शादी की नीयत से युवती के अपहरण मामले में प्राथमिकी हुई थी। इसमें अशोक साह तथा उसके तीन पुत्रों क्रमश ~ संदीप साह, विवेक साह एवं राजकुमार को आरोपित किया गया था।

## सीवान ~ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने किया जंक्शन का निरीक्षण

**परवेज अख्तर/सीवान।** होली के बाद यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा, भीड़ प्रबंधन, माल यातायात के प्रबंधन एवं स्टेशनों पर चल रहे अमृत भारत स्टेशन विकास कार्यों की समीक्षा करने के लिए बुधवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान द्वारा सिवान जंक्शन, थावे एवं सुरेमनपुर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने उक्त स्टेशनों पर चल रहे यात्री सुविधा विकास कार्यों, प्लेटफार्मों, प्रवेश एवं निकास द्वारों, यात्री प्रतीक्षालय, क्रू मैनेजमेंट सिस्टम, गार्ड/लोको पायलट रनिंग रूम, स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में भीड़ प्रबंधन हेतु किये गये कार्यों का निरीक्षण किया। संबंधित को समुचित प्रबंधन हेतु दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने उक्त स्टेशनों अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को भी देखा और सभी कार्य समय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। अपने निरीक्षण के क्रम में सिवान जंक्शन रेलवे स्टेशन पर कार्यदायी संस्था को रुके हुए कार्यों को अविलम्ब चालू करने का निर्देश दिया। उन्होंने यात्रियों की सुविधा हेतु बनाया गया सहयोग काउंटर, पूछताछ काउंटर, अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट काउंटर, आरक्षण केंद्र, यात्री प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया, लिफ्ट, पैदल उपरिगामी पुल, प्लेटफार्म एवं गुड्स साइडिंग का गहन निरीक्षण किया। इसी क्रम में उन्होंने गुड्स साइडिंग में तीसरी रनिंग लाइन में फुल रेक प्लेसमेंट की संभावनाएं भी तलाशी और संबंधित को निर्देश दिया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य वाणिज्य निरीक्षक विशाल कुमार, दीपक पाठक, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक विशाल कुमार सिंह, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक बलिया राजाराम, वाणिज्य निरीक्षक समेत स्टेशन के कर्मचारी एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## क्यूआर कोड से पहचानें असली-नकली वेंडर

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** ट्रेन में सफर के दौरान कोच और प्लेटफार्म पर घूमते अवैध वेंडर रेल यात्रियों के स्वास्थ्य और जानमाल के लिए बड़ा खतरा हैं लेकिन जल्द ही रेल यात्री अपने स्मार्टफोन से असली-नकली वेंडरों की पहचान कर सकेंगे। भारतीय रेल में सभी कैटरिंग ठेकेदारों के वेंडरों सहायकों के लिए क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र अनिवार्य किया जा रहा है। इसे स्कैन करने पर यात्री के मोबाइल स्क्रीन पर वेंडर का नाम, पता, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, लाइसेंसी ठेकेदार का नाम आदि की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। इसमें बेडरोल आपूर्ति करने वाले कोच सहायकों, आनबोर्ड हाउस कीपिंग ठेकेदार के सफाई में कर्मियों को भी शामिल किया गया है।दरअसल चलती ट्रेन में अवैध वेंडर गुणवत्ताहीन खद्यान्न, पेयपदार्थ, कोल्ड ड्रिंक, स्नैक्स, चाय-काफी आदि बिक्री कर स्टेशन आने से पहले उत्तर जाते हैं। स्टेशनों पर भी चोरी-छिपे इस काम को अंजाम देते है। इससे न सिर्फ लाइसेंसी ठेकेदार को राजस्व का नुकसान होता है बल्कि रेल यात्रियों के सेहत से भी खिलवाड़ होता है।

### कहते हैं अधीकारी-

भारतीय रेल में कैटरिंग ठेकेदारों के वेंडरों-सहायकों के लिए क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र अनिवार्य किया जा रहा है। इसपर अभी काम चल रहा है। जल्द ही रेल यात्री अपने स्मार्टफोन से असली-नकली वेंडरों की पहचान कर सकेंगे।

**विशाल कुमार सिंह, डीसीआइ सिवान**

